इक्विटी स्टाइल बॉक्स

धनक

म्यूचुअल फ़ंड के लिए इक्विटी स्टाइल बॉक्स मोटे तौर पर मार्केट कैपिटलाइज़ेशन और निवेश-शैली के संदर्भ में फ़ंड के पोर्टफ़ोलियो ओरिएंटेशन का एक तरीक़ा है. इसे 3 x 3 मेट्रिक्स (9 सेल्स से बना) के रूप में दिखाया गया है, जिसमें कॉलम वैलुएशन के संदर्भ में निवेश शैली दिखाते हैं, और पंक्तियां (rows) फ़ंड के पोर्टफ़ोलियो का मार्केट कैपिटलाइज़ेशन दिखाती हैं.

पोर्टफ़ोलियो का ज़्यादा ऊंचा मार्केट कैप बड़ी और बेहतर स्थापित कंपनियों की बड़े स्तर पर मौजूदगी दिखाता है. लार्ज-कैप स्टॉक आमतौर पर स्मॉल-कैप की तुलना में ज़्यादा स्थिर होते हैं. आमतौर पर स्मॉल-कैप ज़्यादा अस्थिर और कम तरलता (लिक्विड) वाले होते हैं. वैल्यू रिसर्च इस पर पहुंचने के लिए ख़ुद अपने मार्केट-कैप वर्गीकरण (क्सालिसफ़िकेशन) का पालन करता है. हमारे तरीक़े के मुताबिक़, टॉप लिस्टिड कंपनियां जो मार्केट कैपिटलाइज़ेशन का 70 प्रतिशत हिस्सा बनाती हैं, उन्हें लार्ज-कैप के तौर पर क्लासिफ़ाई किया जाता है. जो कुल मार्रकेट कैपिटलाइज़ेशन के 70-90 प्रतिशत के बीच आते हैं उन्हें मिड-कैप के रूप में रखा किया जाता है.

सबसे छोटी लिस्ट होने वाली कंपनियां जो मार्केट कैपटिलाइज़ेशन का बचा हुआ 10 प्रतिशत होती हैं उन्हें स्मॉल-कैप कहा जाता है. निवेश की शैली के संदर्भ में, एक फ़ंड ग्रोथ इन्वेस्टिंग, वैल्यू इन्वेस्टिंग या दोनों को मिलाजुला (जिसे हम blend कहते हैं) कर पालन कर सकते हैं. ग्रोथ स्टॉक में आमतौर पर औसत से ऊपर प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो (P/E) और प्राइस-टू-बुक वैल्यू रेशियो (P/B) होता है. इसके विपरीत, वैल्यू स्टॉक में कम P/E और P/B होते हैं.



उदाहरण: मान लीजिए कि हमारे पास एक इक्विटी म्यूचुअल फ़ंड है जिसका फ़ंड स्टाइल बॉक्स नीचे दिए गए उदाहरण जैसा है. यहां हम ये देख सकते हैं कि फ़ंड 'ग्रोथ' इन्वेस्टमेंट स्टाइल फ़ॉलो करता है और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन के तौर पर उसका ओरिएंटेशन 'लार्ज-कैप' का है.



मैट्रिक्स उन म्यूचुअल फ़ंड्स के लिए बनाया गया है जिनके पोर्टफ़ोलियो में इक्विटी है, यानी सभी इक्विटी और हाइब्रिड फ़ंड के लिए. इस तरह से, मैट्रिक्स में केवल एक बॉक्स को हाइलाइट किया गया है, जो किसी एक पोर्टफ़ोलियो डिसक्लोज़र के लिए फ़ंड के पोर्टफ़ोलियो की ख़ास निवेश शैली और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन देता है.

इन बातों को दिखाने का ये काफ़ी आसान तरीक़ा है. हम एक म्यूचुअल फ़ंड पोर्टफ़ोलियो की सभी इक्विटी होल्डिंग लिस्ट करते हैं, जिसमें सभी म्यूचुअल फ़ंड इन्वेस्टमेंट भी शामिल होते हैं.

इसका तरीक़ा काफ़ी सीधा है. हम म्यूचुअल फ़ंड पोर्टफ़ोलियो की सभी इक्विटी होल्डिंग्स को लिस्ट बनाते हैं, जिसमें कोई भी अंतर्निहित म्यूचुअल फ़ंड होल्डिंग्स शामिल हो सकती हैं.

इसके बाद, इसके दो हिस्से होते हैं. हम (i) पोर्टफ़ोलियो मार्केटकैप और (ii) पोर्टफ़ोलियो वैल्यूएशन स्कोर कैलकुलेट करते हैं. लेकिन मोटे तौर पर, पोर्टफ़ोलियो में हरेक इक्विटी वाली कंपनियों का मार्केटकैप

और वैल्यूएशन स्कोर पोर्टफ़ोलियो में उनके वेटेज/नेट एसेट के अनुपात (रेशियो) में कुल मार्केटकैप और वैल्यूएशन स्कोर (जैसा कि P/E और P/B के ज़रिए तय किया जाता है) में योगदान देता है.

वैल्यूएशन स्कोर फ़ंड पोर्टफ़ोलियो के ओरिएंटेशन के बारे में एक व्यापक नज़रिया देता है, जो कि मार्केट-कैप सेगमेंट (यानी, लार्ज, मिड या स्मॉल) में एलोकेशन के संबंध में रिस्क और फ़ंड मैनेजर द्वारा अपनाई जाने वाली शैली (ग्रोथ, वैल्यू या ब्लेंड को लेकर) के संदर्भ में है.